110 पेटी अंग्रेजी शराब के साथ वाहन जब्त

शराब सहित लगभग 22.50 लाख रुपए का मसरूका बरामद

मंडला, देशबन्धु। मंडला पुलिस द्वारा अवैध शराब के निर्माण, विक्रय व अवैध रूप से परिवहन के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रहीं हैं।

इसी तारतम्य में थाना बीजाडांडी पुलिस द्वारा गत रात्रि दिनांक 28 नवम्बर 2024 को मुखबिर की प्राप्त सूचना पर शराब के अवैध परिवहन के विरूद्ध जबलपुर रायपुर हाईवे पर थाना बीजाडांडी पुलिस टीम द्वारा रेड कार्यवाही कर आरोपी इलेश चौहान पिता दिलीप चौहान उम्र 19 वर्ष निवासी फुलवाडी थाना कोतवाली जिला मंडला व एक नाबालिग के कब्जे से घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन जिसमें पीले रंग की तिरपाल बंधी व अवैध अंग्रेजी शराब जिनियस व्हीस्की की 24 पेटी प्रत्येक पेटी में 50 क्वाटर प्रत्येक में 180 एम.एल. शराब कुल मात्रा 216 लीटर कीमती करीबन 1,60,000 रूपये, एम.डी. रम के 26 पेटी प्रत्येक पेटी में 48 क्वाटर प्रत्येक क्वाटर मे 180

एम.एल. शराब कुल 234 लीटर कुल कीमती करीबन 1,80,000 रूपये, हंटर वियर की 03 पेटी प्रत्येक पेटी में 12 बाटल प्रत्येक 650 ग्राम कुल 24 लीटर कुल कीमती 8000 रूपये, जिनियस रम के 02 पेटी प्रत्येक पेटी में 50 क्वाटर प्रत्येक क्वाटर में 180 एम.एल. कुल 18 लीटर शराब कुल कीमती 13,000 रूपये, ओल्ड मोंक अंग्रेजी शराब की 03 पेटी प्रत्येक पेटी में 50 क्वाटर प्रत्येक क्वाटर मे 180 एम.एल. कुल शराब 27 लीटर कुल कीमती 21,000 रूपये, एम.डी. व्हीस्की की 03 पेटी प्रत्येक पेटी मे 48 क्वाटर प्रत्येक क्वाटर 180 एम.एल. कुल शराब 27 लीटर जुमला कीमती 31,000 रूपये, गोवा व्हीस्की शराब की 46 पेटी प्रत्येक पेटी में 50 क्वाटर प्रत्येक में 180 एम.एल. कुल कीमती 3,00,000 रूपये, प्लेन शराब के 03 पेटी प्रत्येक पेटी में 48 क्वाटर प्रत्येक में 180 एम.एल. कुल 27 लीटर कुल कीमती 15,000 रूपये, अंग्रेजी शराब की कुल 110 पेटी कीमती 7,28,000 रूपये, कुल वाहन सहित जुमला कीमती 22,28,000 रूपये की मशरूका जप्त किया गया।

पुलिस टीम को वाहन रोकता देखकर एक अन्य आरोपी संजय दौहरे उर्फ रेड मौके से फरार हो गया। उक्त तीनों के विरूध्द थाना बीजाडांडी में धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबध्द किया गया। उक्त संपूर्ण कार्यवाही अनुविभागीय अधिकारी पुलिस निवास के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बीजाडांडी निरीक्षक अंतिम पंवार के नेतृत्व में उनकी टीम जिसमें उप निरीक्षक पंकज विश्वकर्मा, सउनि. हरिओम शुक्ला, प्र.आर. चैनसिंह, प्र.आर. रविन्द्र मरावी, आर. रोहित सिंगरौर, आर.नीरज बाकले, आर. जयसिंह मरावी, आर हेमराज, आर.आलोक मरावी एफ.आर.व्ही. वाहन चालक विरेन्द्र उइके, उत्तम साहू की विशेष भूमिका रही ।

मंडला में महिला सुरक्षा की परिचायक बनी डायल-100

मंडला, देशबन्धु। मंडला के थाना खटिया क्षेत्र के कामता माल गाँव में कॉलर की बहन का स्वास्थ्य खराब हो गया है, कॉलर की बहन गर्भवती है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-100 भोपाल में दिनाँक 27-11-2024 को रात्रि 08:50 बजे प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल खटिया थाना क्षेत्र में तैनात डायल-100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112ध100 स्टाफ आरक्षक सचिन मर्सकोले पायलेट रवि शंकर बोरिकर ने मौके पर पहुँचकर बताया कि 22 वर्षीय गर्भवती महिला का अचानक स्वास्थ्य

थाना खटिया क्षेत्र में रात के समय गर्भवती का हुआ स्वास्थ्य खराब, डायल-100 ने महिला को पहुंचाया अस्पताल

खराब हो गया था। अस्पताल पहुँचने का अन्य कोई साधन उपलब्ध नहीं होने पर महिला के भाई ने डायल-100 नंबर पर कॉल कर मदद माँगी थी। डायल-112ध100 जवानों ने महिला को परिजन के साथ एफ आर व्ही वाहन से शासकीय अस्पताल बम्हनी पहुँचाया। डायल-112ध100 जवानों की तत्परता से महिला को समय पर उपचार मिला।

सार-समाचार

सट्टा कारोबार ने फिर से पकड़ा जोर

मंडला, देशबन्धु। जिला ब्लॉक मुख्यालय व आस-पास के क्षेत्र में सट्टा कारोबारियों ने फिर अपने पैर जमाना शुरू कर दिए हैं। कुछ दिन पूर्व जनप्रतिनिधियों व नागरिकों के लगातार विरोध के बाद सट्टा पट्टी में कमी आ गई थी। अब फिर से खुले आम चालू कर दिया गया है। बस स्टैंड मार्ग में सत्यम होटल के सामने गली के अंदर राधाकृष्ण मंदिर के पास दुकान में सट्टा लिखा जा रहा है। बस स्टैंड के विभिन्न दुकानो में सट्टा लिखा जा रहा है। प्रतिदिन सट्टा बाजार पहले से भी ज्यादा स्थानों पर लग रहा है। सुबह से रात तक सट्टा खिलाने वालों के पास भीड़ बनी रहती है और सट्टा बाजारी बैखोफ होकर सट्टा लिख रहे हैं, ना इन्हे कोई रोकने वाला है ना ही टोकने वाला, दिन प्रतिदिन सट्टा खिलाने और खेलने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। कुछ लोगों ने तो इसे अपना रोजगार बना लिया है।

प्रथम क्वार्टर फाइनल आयोजित

मंडला, देशबन्धु। जवाहर नवोदय विद्यालय पदमी में जेसोबा के तत्वावधान में आयोजित जेसोबा क्विज कांटेस्ट 2024-25 का प्रथम क्वार्टर फाइनल संपन्न हुआ। यह आयोजन शासकीय उमावि सिझोरा, सीएम राइज शासकीय उमावि अंजनिया एवं जवाहर नवोदय विद्यालय पदमी के मध्य संपन्न हुआ। आरके पाण्डे प्राचार्य, जवाहर नवोदय विद्यालय पदमी के मुख्य आतिथ्य, वरिष्ठ जेसोबियन विजय कुमार अग्रवाल, टीडी असाटी एवं योगेश श्रीवास्तव के विशिष्ठ आतिथ्य तथा एके शुक्ल अध्यक्ष जेसोबा की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रतियोगिता में शासकीय उमावि सिझोरा से अभिषेक मोंगरे, अक्षय उइके तथा कनिष्क साहू, सीएम राइज शासकीय उमाविअंजनिया से आभास पटैल, विपुल पटैल तथा गौरव पटैल एवं नवोदय विद्यालय पदमी से अनुराग मरावी, संकल्प सिंह ठाकुर तथा प्रतिभा नंदा ने सहभागिता की। अतिथियों के स्वागत के बाद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। तीन चरणों में संपन्न इस प्रतियोगिता में जवाहर नवोदय विद्यालय पदमी ने विजय श्री प्राप्त कर सेमी फाइनल में प्रवेश किया। इस अवसर पर स्थानीय छात्रों के अतिरिक्त उप प्राचार्य नवोदय विद्यालय शंकर प्रसाद, प्राचार्य सिझौरा मिनि तुमराली, कृष्णा भलावी, साई दास सक्सेना, लोकेश कुमार पटैल, विशाल पंचतिलक, अविनाश चैहान, बी के वर्मा आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

धांधलीबाजों की जेब में कैद पीएम आवास योजना

मंडला, देशबन्धु। प्रधानमंत्री आवास योजना में धांधली बंद नहीं हो पा रही है। मध्यप्रदेश के मण्डला जिले में पीएम आवास योजनांतर्गत भारी गड़बड़ी हो रही है। लगातार इस आशय की खबर प्रकाशित हो रही है इसके बावजूद भी किसी के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है। जहां देखों वहां गड़बड़ी की जानकारी मिल रही है, लेकिन शासन प्रशासन के द्वारा कोई परिणामकारी कार्यवाही नहीं की जा रही है इसी वजह से पीएम आवास योजना में खुलेआम भ्रष्टाचार किये जाने की चर्चा चरम पर पहुंच गई है। मध्यप्रदेश के मण्डला जिले की तहसील नैनपुर के ग्राम परसवाड़ा में संबंधित अधिकारियों की सांठ-गांठ से पूर्व में गड़बड़ी की गई ओर वर्तमान में गड़बड़ी की जा रही है। इस आशय की शिकायत जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम में कलेक्टर को की गई थी कलेक्टर द्वारा जांच के आदेश दिए गये थे जिसे दबा दिया गया है। जांच तो की गई थी और जांच में शिकायत सही भी पाई गई थी, लेकिन बताया जा रहा है कि शिकायत की जांच को दोषियों को बचाने के लिए दबा दिया गया है। जांच के बाद परिणामकारी कार्यवाही नहीं की जा रही है। ब्लॉक समन्वयक गणेश साहू एवं रोजगार सहायक को बचाया जा रहा है। जनापेक्षा है कि इन दोनों को निलंबित किया जाये और यहां जो गड़बड़ी की गई है उन सभी गड़बड़ी करने वाले दोषियों के खिलाफ तत्काल कार्यवाही की जाये। बताया जा रहा है कि यहां पर अपात्रों को योजना का लाभ दिया गया और सूची में नाम ऊपर नीचे किया गया है और पात्रों के नाम पूर्व में काटा गया है जिनका पुन: नाम नहीं जोड़ा जा रहा है। पुन: नाम जोडने की कार्यवाही शीघ्र की जावे ऐसी जनापेक्षा है।

लाडली बहना योजना में भी घपला, किसी और को भेज दी राशि

डिंडोरी, देशबन्धु। मध्य प्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी योजना लाडली बहना योजना को भी विभाग पलीता लगाने में जुटे हैं। प्राप्त जानकारी अनुसार यह कि वार्ड नंबर 3 निवासी सपना झरिया द्वारा यह जानकारी दी गई कि प्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी योजना लाडली बहना योजना का लाभ मुझे प्रारंभ से ही मिल रहा था।

वही मेरा लाडली बहना योजना का पंजीयन क्रमांक 20011849 है। अचानक माह नवंबर में जब मेरे सेंट्रल बैंक के खाते क्रमांक 3383644211 में राशि नहीं आई तो मैने इसकी शिकायत सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर की। इसका बाद महिला बाल विकास द्वारा मुझे बुलाया गया और मुझसे शिकायत वापस करवाई गई। जब मैंने अपनी समस्या बताई तो उनके द्वारा मुझे पोर्टल से चेक करके बताया गया कि आपकी राशि किसी और के खाते में चली गई है। जिसका खाता नंबर 3239707427 है। जिसका नाम गीता ओम प्रकाश बताया गया।

थावर का पानी लेने लामबंद हुए पठार क्षेत्र के किसान

मंडला, देशबन्धु। नैनपुर अंचल में खेतों में सिंचाई के लिए वरदान साबित होने वाला थावर नदी का बांध वर्ष 1980 में बनाया गया। जहां थावर नदी को बांध कर एक विशाल जल राशि संग्रह कर साथ 48 किमी लंबी नहर निकाली गई। जिसमें लगभग अंचल के 50 गांव और 18 हजार 2 सौ 12 हेक्टेयर जमीन को सिंचित करने का लक्ष्य रखा गया। विडंबना यह है कि जहां यह बांध नैनपुर के इतने बड़े रकबे के साथ बालाघाट के क्षेत्र में बैंनगंगा नदी का सहायक बनकर सिंचाई सुविधा मुहैया करा रहा है। दूसरी ओर इस बांध क्षेत्र से जुड़ा नैनपुर का पठार अंचल के करीब 40 गांव ऐसे है जहां किसानों को कृषि कार्य के लिए पानी ही नहीं मिल पा रहा है। जिससे पठार क्षेत्र के किसान और अन्य परिवार अपनी रोजी रोटी कमाने महानगरों में जाकर मजदूरी करने मजबूर हैं। जिसको लेकर पठार क्षेत्र के किसानों ने एक आवश्यक बैठक डिठौरी पंचायत भवन परिसर में रखी। पठार अंचल के किसान और अन्य परिवारों ने बैठक में पानी की समस्या को हल कराने एक संघर्ष समिति का गठन किया। जिनका कहना है कि अब खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा।

संघर्ष समिति का गठन-बैठक में उपस्थित

दो दिसंबर को गोंडवाना तिराहा डिठौरी में होगा प्रदर्शन

सभी किसानों के द्वारा सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का गठन किया गया है। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष सरजू तिवारी सगोनिया, उपाध्यक्ष मनोज राय डिठोरी, उपाध्यक्ष शरद श्रीधर पाठासिहोरा, कोषाध्यक्ष रामनाथ उइके मल्धा, सचिव सुदामा प्रसाद राय सालीवाड़ा, सह सचिव उमाकांत झारिया, प्रचार-प्रसार मंत्री धनु लाल चक्रवर्ती, काशीराम मरकाम सुभरिया, संगठन संयोजक संतोष उइके डिठोरी, मीडिया प्रभारी प्रदीप परस्ते, सह मीडिया प्रभारी मिथिलेश संगठन मार्गदर्शक केशव प्रसाद राय, बीरबल सिंह परते, धनेश राय, लाल सिंह मरावी, मोहन मरावी, चंद्रकांत तिवारी, कार्यकारिणी सदस्य सरपंच एवं जनपद सदस्य कृपाल कुंजन महिपाल, पूरनलाल, सतीश कुमार राय, नीरज परस्ते, जगदीश विश्वकर्मा, हसन लाल धुर्वे, मंगल सिंह मरावी, बलदेव सहित अन्य को मनोनीत किया गया है।

थांवर जलाशय का पानी लेने अब होगा प्रदर्शन-बैठक में सर्व सहमति से निर्णय लिया गया कि आगामी 2 दिसंबर 2024 को गोंडवाना तिराहा डिठोरी में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही एक ज्ञापन राज्यपाल के नाम नैनपुर एसडीएम के माध्यम से सौंपा जाएगा। किसानों का आरोप है कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासन तंत्र ने इस बाबत कभी अपनी संजीदगी नहीं दिखाई। लिहाज आज बांध बनने के 25 साल बाद भी नैनपुर का पठार अंचल खेतों में पानी के लिए तरस रहा है। क्षेत्र के किसानों का मानना है कि स्थानीय होने के नाते थांवर जलाशय के पानी का पहला हक नैनपुर एवं उसके समूचे अंचल के है। पठार अंचल तक जलाशय का पानी पहुंचाने के लिए आवश्यक पहल करने की सख्त जरूरत है।

महिलाओं को बताए उनके अधिकार

मंडला, देशबन्धु। प्रशासक वन स्टॉप सेंटर मंडला से प्राप्त जानकारी के अनुसार शा.जग.मु.चै. स्नातक महिला महाविद्यालय मण्डला (म.प्र.) में हम होंगे कामयाब जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिला प्रशासन के तत्वावधान में सोशल मीडिया अभियान का आयोजन किया गया।

जिसके अंतर्गत महिलाओं के अधिकारों, हेल्पलाइन और शी बॉक्स पोर्टल के बारे में प्रशासक मधुलिका उपाध्याय द्वारा जानकारी दी गई। साथ ही जागरूकता फैलाने के लिये हैशटेग के साथ सोशल मीडिया द्वारा प्रचार प्रसार किया गया। जिसमें (सेक्सुअल हैरेसमेंट इलेक्ट्रानिक) बॉक्स अर्थात् यौन उत्पीड़न से बचाव हेतु इलेक्ट्रानिक बॉक्स के बारे में जानकारी साझा की गई। चूँकि यह भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया प्रयास है। जिसके तहत प्रत्येक महिला को चाहे वह संगठित हो या असंगठित निजी या सार्वजनिक क्षेत्र में कार्यरत हों, यौन उत्पीड़न से संबंधित शिकायत के पंजीकरण की सुविधा के लिये एकल खिड़की प्रदान की जाती है। चाहे वह किसी भी कार्यस्थिति में कार्यरत हो इसके लिये प्रत्येक कार्यस्थल में आंतरिक परिवाद समिति का गठन किया गया है, आप चाहे तो वन स्टॉप सेंटर में स्वयं आ सकते हैं या मो.नं. 07642-252699 पर कॉल करके मदद ले सकते हैं। इसके अलावा अन्य हेल्पलाईन नंबर 181, 1090, 1098, 112 पर कॉल करके मदद ले सकते हैं। चूंकि यह आज से ऑनलाईन शी बॉक्स चालू हो रहा है इसीलिये इसकी जानकारी प्रत्येक महिला तक पहुँचे इसीलिये इसका प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इसके लिये सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया था जिसमें कॉलेज की लड़कियों ने खुशी-खुशी सेल्फी भी खिंचवाई। सभी को बताया गया की नंबरों का उपयोग किस प्रकार किया जाये ? साथ ही बताया गया कि जरूरत पड़ने पर पुलिस सहायता ली जा सकती है। साथ ही पॉक्सो, घरेलू हिंसा अधिनियम और बाल विवाह निषेध जैसे प्रमुख कानूनों के प्रचार हेतु ट्वीट, इन्फोग्राफिक्स और ऑडियो/विजुअल का उपयोग बताया गया।

एक हजार रुपये में दे रहे रसोई गैस सिलेंडर

मंडला, देशबन्धु। यूं तो मध्यप्रदेश के मण्डला जिले में कई तरह की गड़बडियां हो रही हैं, लेकिन जो इस समय गड़बडियां हो रही है उसको लेकर नागरिकों में आक्रोश है। इस समय चर्चा चल रही है कि मध्यप्रदेश के मण्डला जिले में रसोई गैस का सिलेण्डर ब्लैक में मंहगी कीमत पर मिल रही है। इस तरह की चर्चा मध्यप्रदेश की मण्डला जिले की तहसील नैनपुर के ग्राम डिठौरी व सालीवाड़ा की मिल रही है। यहां पर

संबंधित विभाग के सांठ-गांठ से चल रहा अवैध कारोबार

किराना दुकानदारों द्वारा अवैध तरीके से रसोई गैस का सिलेण्डर मंहगी कीमत पर दिया जा रहा है। यहां के कई नागरिकों ने बताया है कि अधिकांश किराना दुकानों में रसोई गैस का सिलेण्डर एक हजार रुपये में दिया जा रहा है। एचपी गैस और भारत गैस की रसोई गैस सिलेण्डर किराना दुकानदारों द्वारा ब्लैक में एक हजार रुपये में दिया जा रहा है और संबंधित विभाग मूकदर्शक बनकर तमाशा देख रहा है। जनचर्चा चल रही है कि संबंधित विभाग की सांठ-गांठ से यहां पर रसोई गैस का अवैध कारोबार किया जा रहा है। आकस्मिक जांच पड़ताल किया जाये और तत्काल अवैध कारोबार उक्त ग्रामों सहित मध्यप्रदेश के मण्डला जिले सभी ग्रामों में बंद किया जाये जहां जहां इस तरह की कालीकरतूत की जा रही है ऐंसी जनापेक्षा है।

स्वनिधि भी स्वाभिमान भी' पखवाड़ा अभियान में मिला पथविक्रेताओं को लाभ

मंडला, देशबन्धु। मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद मंडला से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि योजना में गति लाने के उद्देश्य से दो दिसंबर 2024 तक 'स्वनिधि भी स्वाभिमान भी' पखवाड़ा अभियान आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत शिविर में पात्र पथ विक्रेताओं को 8 जनकल्याणकारी योजनाएँ-(पीएम सुरक्षा बीमा, पीएम जीवन ज्योति योजना, जनधन इत्यादि एवं पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत बैंकों के माध्यम से लाभान्वित किया जा रहा है। शिविर अंतर्गत पीएम स्वनिधि योजना में 68 हितग्राहियों को ऋण राशि 18.70 लाख रु), मैं भी डिजिटल-117 हित एवं स्वनिधि से समृद्धि योजना में 74 सोशल प्रोफाइलिंग एवं जनकल्याणकारी योजनाएँ में 429 हितग्राहियों को स्वीकृति सहित 688 पथविक्रेताओं एवं उनके परिवार के सदस्यों को लाभान्वित किया गया है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने नगरीय क्षेत्र के पथ विक्रेताओं से अपील की है कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं में पंजीकरण हेतु आधार कार्ड, बैंक पासबुक की फोटोकोपी, दो फोटो एवं मोबाइल नंबर के साथ शिविर में उपस्थित होकर लाभ उठाएँ, योजना अंतर्गत विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय नगरपालिका परिषद मंडला, शाखा राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन में संपर्क कर सकते हैं।

दो दिवसीय विभागीय आचार्य प्रशिक्षण का शुभारम्भ

नैनपुर, देशबन्धु। सरस्वती शिक्षा परिषद की योजनानुसार छिंदवाड़ा एवं मंडला विभाग के अंतर्गत संचालित नगरी एवं ग्राम भारती शिक्षा के आचार्य एवं दीदी का दो दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक वि?द्यालय नैनपुर जिला मंडला में शुभारम्भ हुआ । उद्घाटन सत्र में समस्त आए हुए क्षेत्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारियों का स्वागत विद्यालय के प्राचार्य श्री बालकृष्ण द्विवेदी जी द्वारा किया गया। माननीय रविशंकर जी शुक्ल (प्रान्त प्रशिक्षण प्रमुख) एवं रामबहोरी पटेल (प्रारंभिक शिक्षा के क्षेत्र संयोजक) का मार्गदर्शन का प्राप्त हुआ । श्री पटेल जी ने प्रशिक्षण का उद्देश्य बताते हुए कहा कि समय के अनुसार शैक्षणिक गतिविधियों में सुधार हेतु अपने आप को अपडेट एवं अपग्रेड करना इस हेतु प्रशिक्षण वर्ग एक सशक्त माध्यम है ।

माननीय प्रांत प्रशिक्षण प्रमुख में हृश्वक्क-2020 की उपेदेयता बताते हुये कहा कि बच्चों को सीखने के पर्याप्त अवसर देना चाहिए सीखने हेतु वातावरण क्रिएट करना अनुभूति जन ज्ञान आवश्यक है साथ उन्होंने 4 स्किल के बारे में विस्तार से जानकारी दिया।

दिव्यांग खेलकूद व सांस्कृतिक स्पर्धा आयोजित

नारायणगंज, देशबन्धु। जनपद शिक्षा केंद्र नारायणगंज में विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर डीपीसी अरविंद विश्वकर्मा, सहायक परियोजना समन्वयक केके उपाध्याय के निर्देशन में विकासखंड स्तरीय दिव्यांग खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों ने 50 मीटर की दौड़, कुर्सी दौड़, जलेबी दौड़, रंगोली, चित्रकला आदि प्रतियोगिता में सहभागिता की। विकासखंड स्तरीय समर्थ प्रदर्शन में प्रतिभागी दिव्यांग छात्रों ने अपनी छुपी हुई प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजन दीप प्रज्वल के साथ महिला एवं बाल विकास अधिकारी संजीव मोहर, वंदना गुप्ता प्राचार्य कन्या हायर सेकंडरी नारायणगंज, नम्रता गोल्हानी, डॉक्टर मिताली डामोर, अंजली वर्मा विशिष्ट अतिथियों ने मां सरस्वती की पूजन अर्चन कर फीता काटकर खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। सर्वप्रथम 50 मीटर दौड़ में शामिल प्रतिभागियों का अतिथियों द्वारा परिचय प्राप्त करते हुए उनकी हौसला अफजाई की।

विकासखंड स्तरीय समर्थ प्रदर्शन में नारायणगंज विकासखंड के 50 दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने अपनी सहभागिता की। कार्यक्रम के संपूर्ण समय में नारायणगंज विकासखंड के स्वास्थ्य विभाग एवं शिक्षा विभाग ने अपना अमूल्य समय प्रदान किया। आयोजित कार्यक्रम में एससी जैन, सरोजिनी मरावी, खेल प्रशिक्षक करुणा मर्सकोले, सुनीता यादव शिक्षा विभाग, चरण लाल झरिया, नवनीता दुबे, जीवन लाल यादव, उमेश यादव, अनिल श्रीवास्तव, विनय सोनी, सुभाष साहू, शेख रहमान, कमलेश मरावी, राम किशोर तिलसिया, कोमल दास बैरागी, दिलीप चैधरी, हर्षिता नेमा, सोनल परोहा, कीर्ति महोबे, शंकरिया ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

विकासखंड स्तरीय समर्थ प्रदर्शन कार्यक्रम का सफल संचालन कमलेश मरावी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के नोडल प्रभारी शेक इरफान रहे। अंत में कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन विकासखंड स्त्रोत समन्वयक कमलेश भवेदी द्वारा किया गया। चयनित बच्चे 3 दिसंबर को जिला मुख्यालय की प्रतियोगिता में शामिल होंगे।